हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार,30 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री


युवा किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर बवाल
12


होली के सरकारी स्कूल में प्रवेश उत्सव पर स्कूली छात्रों का हुआ अभिनंदन
12

## खबर संक्षेप

### जीएमएन कॉलेज के खिलाड़ी छाए

**अंबाला।** गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में आयोजित जिमनास्टिक पुरुष महिला ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पुरुष वर्ग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसमें जीएमएन कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने भाग लिया। जितेंद्र चावला और सुरनीत टीम के सदस्य रहे। जितेंद्र चावला ने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

### नशा तस्करी में महिला को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोक्टिस सेल पुलिस टीम ने 1 किलो 500 ग्राम चरस नशा तस्करी मामले में सप्लायर आरोपी महिला मनोरमा निवासी बेतिया चंपारण बिहार हाल निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया। एंटी नारकोक्टिस सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने मनोरमा को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने मनोरमा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पानीपत पुलिस ने चोरों से तीन बाइक किए बरामद

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बाइक चोर गिरोह के तीन आरोपियों नितीश पुत्र प्रेमसिंह निवासी गेंदपुर शेखपुर बुलंदशहर यूपी, मोनू पुत्र भूरेलाल निवासी विकास नगर व जावेद पुत्र नाजिर निवासी भारत नगर को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई तीन बाइक बरामद की है।

### तीन चोरों को सोनीपत जेल से लाई पुलिस

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस टीम सोनीपत जेल में बंद ई रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के आरोपी अमित निवासी जीवन नगर, दिनेश निवासी आनंद नगर व विजय निवासी नंदवानी नगर सोनीपत को प्रोडक्शन वारंट पर लाई। पूछताछ में आरोपियों से ई रिक्शा चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ।

*बिल्ट के आबाद होने से यमुनानगर की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत*

# पेपर निर्माण में विश्व भर में विख्यात रही बिल्ट एक बार फिर होगी आबाद, वित्तीय संकट के कारण चार वर्षों से पड़ी थी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विश्व भर में कई दशक तक उच्च क्वालिटी का पेपर निर्माण में विख्यात रही यमुनानगर की बल्लारपुर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बिल्ट) अक्तूबर 2024 से एक बार फिर पहले की तरह आबाद होगी। इसके लिए मैसर्ज फिनक्वेस्ट फाइनेंशियल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने करोड़ों रुपये खर्च कर बिल्ट को अपने कब्जे में लेकर कंपनी को नई दिशा देने के लिए कार्य शुरु कर दिया गया है। कंपनी को हैंडओवर करने के लिए मैसर्ज फिनक्वेस्ट फाइनेंशियल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने जहां करीब सात करोड़ से अधिक खर्च किए हैं, वहीं, बिल्ट को पहले की तरह रंनिंग पर लाने के लिए मशीनरी, बिल्डिंग व अन्य साजो सामान पर दो सौ करोड़ से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। उक्त जानकारी बिल्ट के व्यवसाय प्रमुख प्रकाश मिश्रा ने शुक्रवार को कंपनी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी।

**खास बातें**

- पेपर निर्माण में पापुलर व सफेदा समेत अन्य लकड़ी का प्रयोग होने से किसानों को मिलेगा लाभ
- फिनक्वेस्ट ग्रुप कंपनी ने करोड़ों रुपये खर्च कर बिल्ट पर जमाया कब्जा

### वर्ष 2020 से बंद पड़ी थी बिल्ट

कंपनी के व्यवसाय प्रमुख प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बल्लारपुर इंडस्ट्रीज लिमिटेड वर्ष 2020 से वित्तीय तनाव के कारण बंद पड़ी थी और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने जनवरी 2020 में इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016(आईपीसी-2016) के तहत बिल्ट के लिए दिवालियापन की कार्रवाई शुरू की थी। उस समय कंपनी को चलाने और दिवालिएपन की प्रक्रिया के लिए रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) को नियुक्त किया गया था। लंबी प्रक्रिया के बाद एनसीएलटी ने 31 मार्च 2023 को सुनाए गए निर्णय और 13 अप्रैल 2023 को प्राशित अपने आदेश के माध्यम से बिल्ट को मैसर्ज फिनक्वेस्ट फाइनेंशियल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को सौंपने का फैसला किया। प्रकाश मिश्रा ने बताया कि एनसीएलटी का उक्त आदेश 13 अप्रैल 2-23 तक की सभी वित्तीय देनदारियों को कवर करता है और वित्तीय ऋणदाताओं, केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण और सभी पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों के लिए बाध्यकारी है। इससे पहले की अवधि से संबंधित कोई वित्तीय या आपराधिक दायित्व नहीं है।


चार साल से बंद पड़ी पेपर मिल का बाह्य दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष छह हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार



बिल्ट के व्यवसाय प्रमुख प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बिल्ट पूरी तरह अक्तूबर 2024 तक पूरी तरह रनिंग पर आ जाएगी। कंपनी के रनिंग पर आने पर प्रत्यक्ष रुप से दो हजार व अप्रत्यक्ष रुप से चार हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं, यमुनानगर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि बिल्ट में फिलहाल 125 कर्मचारी स्थाई रुप से काम कर रहे हैं। कंपनी में नए प्रबंधन द्वारा युद्धस्तर पर काम शुरु कर दिया गया है।

### पापुलर व सफेदा समेत अन्य लकड़ी से बनेगा रोजाना दो सौ टन पेपर

बिल्ट के व्यवसाय प्रमुख प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बिल्ट द्वारा रोजाना 200 टन पेपर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए पूरी तरह आधुनिक नई टेक्नोलॉजी की मशीनरी पर दो सौ करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिल्ट में कुछ पुराने तो कुछ नए कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिल्ट का अधिग्रहण करने के बाद मैसर्ज फिनक्वेस्ट ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का पूर्ण और अंतिम भुगतान कर दिया है और संयंत्र संचालन को फिर से शुरु करने की प्रक्रिया युद्धस्तर पर शुरु कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कंपनी में मैसर्ज फिनक्वेस्ट द्वारा भारी निवेश किया जा रहा है। मिश्रा ने दुख जताया कि कुछ पूर्व कर्मचारी बिल्ट को दोबारा आबाद होता देख बूरे इरादे से मिल स्टार्ट-अप की प्रक्रिया में देरी करने लिए गलत अफवाहें फैला रहे हैं। मगर कंपनी पूरी तरह संयंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए आगे बढ़ रही है और अक्तूबर तक कंपनी को पहले की तरह पूरी तरह रनिंग पर लाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है।

# हरियाणा में पेट्रोल पंपों की हड़ताल टली

## पानीपत में हुई हरियाणा व पंजाब पेट्रोलियम डीलर्स की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा में 30 और 31 मार्च को प्राइवेट पेट्रोल पंप बंद रखने के फैसले को पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन हरियाणा ने भारतीय पेट्रोलियम मंत्रालय व पंजाब पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के बीच हुई वार्ता के बाद 15 अगस्त तक टाल दिया है।

- पेट्रोलियम मंत्रालय ने दिया तेल बिक्री कमीशन बढ़ाने का आश्वासन

वहीं शुक्रवार की सुबह हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने तेल बिक्री का कमीशन नहीं बढ़ाने पर दो दिन पेट्रोल पंप बंद रखने की घोषणा की थी।

इधर, पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि शुक्रवार को पानीपत के सेक्टर 25 में एसोसिएशन की मीटिंग हुई। इसमें पंजाब की एसोसिएशन भी शामिल हुई, जिसके अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह दोआबा हैं। यह मीटिंग दोनों प्रदेशों के हितों के लिए बुलाई गई थी। हमने 30-31 मार्च की हड़ताल का आह्वान किया था। उनकी कॉल के बाद तेल मंत्रालय ने 28 मार्च को तत्काल मीटिंग बुलाई। हमारी मांगों पर उन्होंने विचार किया। उन्होंने माना की आगामी सरकार के गठन तक अभी यह संभावित नहीं है। 15 जून तक कमीशन बढ़ाने का उन्होंने टाइम मांगा है। हम फिर भी 15 अगस्त तक का टाइम तेल मंत्रालय को देते हैं। इसके बाद भी अगर कमीशन नहीं बढ़ाया गया तो वह हड़ताल करेंगे। चौधरी ने बताया कि बीते सात सालों से सरकारी तेल एजेंसियों द्वारा पंप डीलरों का कमीशन नहीं बढ़ाया गया। इसको लेकर सभी पेट्रोल पंप डीलरों में गहरा रोष है। कमीशन में बढ़ोतरी करने के लिए कई बार सरकारी एजेंसियों से बातचीत का दौर भी चलाया, लेकिन किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लंबें समय से सभी पेट्रोल पंप डीलर्स सरकारी एजेंसियों से तेल कमीशन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। जब पेट्रोल करीब 65 रुपए था, तब से 2 रुपए प्रति लीटर डीजल और तीन रुपये पेट्रोल पर कमीशन दिया जा रहा है। अब तेल करीब 100 रुपये के आसपास है, पर कमीशन नहीं बढ़ाया गया।


पानीपत में संजीव चौधरी, हरियाणा व पंजाब पेट्रोलियम डीलर्स के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 15 अगस्त तक कमीशन नहीं बढ़ाने पर होगी हड़ताल

उन्होंने बताया कि हरियाणा में कुल चार हजार पेट्रोल पंप हैं। जिनमें से 350 सरकारी हैं, बाकी सभी प्राइवेट हैं। जबकि रिलायंस के करीब 700 पेट्रोल पंप हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब व हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में फैसला लिया गया कि यदि 15 अगस्त तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो दोनों राज्यों के डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण देश के 22 राज्यों में पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगे और तेल का कमिशन बढाए जाने की मांग को लेकर देश व्यापी हड़ताल करेंगे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च


कुरुक्षेत्र। फ्लैग मार्च निकालते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के दिशा निदेर्शानुसार शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शहर थानेसर एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला कुरूक्षेत्र में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को पुलिस अधिकारियोंके नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सीआरपीएफ की महिला जवानों के साथ मिलकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला। थाना शहर थानेसर प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीमों ने सेक्टर-13, 7, मोहन नगर, डीडी कॉलोनी तथा थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह के नेतृत्व में गांधी नगर, शोरगिर बस्ती, रेलवे रोड, स्नेहित सरोवर में फ्लैग मार्च निकाला। थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार के नेतृत्व पुलिस की टीमों ने देवी लाल चौंक से थर्ड गेट, मिजार्पुर, ज्योतिसर, ब्रह्म सरोवर से होते हुए शहर के विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा।

- आम नागरिकों से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की

# वेतन को लेकर सफाई कर्मचारियों ने फिर सड़कों पर उतरने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

नगरपालिका कर्मचारियों की अहम मीटिंग प्रधान सतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कूड़ा उठाने वाले सफाई कर्मी दर्शन लाल को बिना किसी कारण के ड्यूटी पर न लेने पर ठेकेदार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मांग की गई कि कर्मचारी को तुरन्त ड्यूटी पर लिया जाए। एक अप्रैल को छुट्टी के बाद शाम को 5 बजे कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन का ऐलान किया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ के सचिव धर्मवीर व सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि कूड़ा उठाने वाले सफाई कर्मियों का जमकर शोषण किया जा रहा है। सितंबर 2023 में टेंडर खत्म होने पर चेयरपर्सन के आदेशों पर सफाई कर्मचारियो ने 70 दिन लगातार घरों से कूड़ा उठाने का काम किया था। सात महीने बीत गए आज तक वेतन नहीं मिला है। ठेकेदारों द्वारा फंड काटने के बावजूद कर्मचारियो को ईएसआई कार्ड व नंबर नहीं दिए गए। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

- सीएम नायब सैनी की पत्नी को ज्ञापन सौंपकर उनकी समस्या के समाधान की लगाई गुहार


नारायणगढ़। बैठक करते सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सिंगापुर भेजने के नाम पर ठगे 1.10 लाख रुपये

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर 1.10 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई। बेटे को सिंगापुर भेजने के लिए परिवादी ने चंडीगढ़ के सेक्टर-40डी स्थित वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विस से संपर्क किया था। उसने एजेंट के कहे अनुसार 1.10 लाख दे दिए थे लेकिन इसके बावजूद उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा गया। गांव टूंडली के रहने वाले गुरमीत सिंह ने पूर्व गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत दी थी। गुरमीत सिंह ने बताया कि वह भाजपा का सदस्य है। उसने अपने बेटे को विदेश भेजने के लिए चंडीगढ़ के एजेंट से बात की थी। एजेंट को अपने खाते से जनवरी 2023 में 1.10 लाख दिए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब काम नहीं बना तो एजेंट ने 29 दिसंबर को एक चेक दिया था। बैंक में जाकर जांच की तो चेक पर साइन गलत किए हुए थे। जब उसने एजेंट को बोला तो आरोपी ने उसे दूसरा चेक दिया लेकिन उस खाते में पैसे नहीं थे। इसी वजह से चेक बाउंस हो गया।

# प्रदेश में सभी 10 लोस सीटों पर भाजपा की जीत तयः मनोहर

## पानीपत में लोकसभा चुनाव प्रचार का पूर्व सीएम ने शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के निवर्तमान मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने शुक्रवार को सनौली रोड स्थित गंगा गार्डन में पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। हरियाणा के निवर्तमान मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के पानीपत पहुंचने पर सांसद संजय भाटिया, सांसद कृष्ण लाल पंवार, करनाल लोकसभा संयोजक एवं विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा जिला प्रभारी उमेश शर्मा, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता नीतिसेन भाटिया, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, रोशन लाल माहला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा, शहरी विधानसभा प्रभारी विनोद छोक्कर, ग्रामीण प्रभारी गजेन्द्र सलूजा, इसराना प्रभारी लोकेश नांगरू, समालखा प्रभारी मेघराज गुप्ता ने मनोहर लाल का स्वागत किया। समारोह में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जोशीले स्वर में कहा कि चुनावी शंखनाद हो चुका है। पिछली बार की तरह इस बार भी हरियाणा ने 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने का संकल्प लिया हुआ है। इसके साथ ही दूसरा संकल्प यह भी है कि जीत के मामले में करनाल को भारत में प्रथम स्थान पर लाना है। इस बार भी 400 पार में हरियाणा अपनी 10 सीटों की भागीदारी करेगा और पहले से भी ज्यादा मतों की जीत के अंतर से करेगा। यह सब कार्यकर्ताओं की बदौलत ही संभव है।

- जीत के मामले में करनाल को भारत में प्रथम स्थान पर लाना है



पानीपत में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी मनोहर लाल। फोटो : हरिभूमि

**तैयारियां**

**नागरिक सहभागिता घटक को लेकर नियुक्त किए 7 ब्रांड एम्बेसडर : धीरज कुमर**

*स्वच्छता को लेकर व्यवहार में बदलाव पर रहेगा फोकस*

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की ओर से गतिविधियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की ओर से अनेक तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्रालय की ओर से दिए गए घटकों पर काम किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते बताया कि इसके नागरिक सहभागिता घटक के तहत ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने हैं। इसे लेकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चालू स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर, करनाल नगर निगम की ओर 7 ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए हैं। ब्रांड एम्बेसडर्स की जानकारी देते उन्होंने बताया कि संत कबीर स्कूल के निदेशक एवं सामाजिक कार्यकर्ता कर्नल पी.एस. बिन्द्रा, राष्ट्रीय तिरंदाज खिलाड़ी रिद्दी फोर, शूटिंग के गोल्ड मैडलिस्ट खिलाड़ अनीश, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण अरोड़ा, डी.ए.वी. कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ. आर.पी. सैनी, सिग्नेस अस्पताल के निदेशक डॉ. आबिद आमिन बट्ट तथा विर्क अस्पताल से डॉ. बी.एस. विर्क शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी ब्रांड एम्बेसडर स्थानीय अलग-अलग पृष्ठभूमि से हैं और स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न तरह की आई.ई.सी. गतिविधियों से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने बताया कि ब्रांड एम्बेसडर मुख्यतः शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ मासिक बैठक कर एक्शन प्लान तैयार करेंगे। विभिन्न वार्डों में रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन व नागरिकों के साथ बैठक करेंगे, जिनमें उनके स्वच्छता को लेकर व्यवहार में बदलाव पर फोकस रहेगा। इसके अतिरिक्त घर से ही कूड़े को अलग-अलग एकत्र करना, घरेलू खाद तैयार करना, गूगल टॉयलेट लोकेटर, स्वच्छता एप, सामुदायिक व जन शौचालयों की फीडबैक तथा थ्री आर (रिड्यूज़, रियूज़ व रिसाईकल) के सिद्घांतों को बढ़ावा देकर उदहारण पेश करेंगे। जन जागरूकता अभियान जोर-शोर से चलाया जाएगा। इसके तहत नगर निगम द्वारा चलाई गई गतिविधियों में ब्रांड एंबेसडर अहम योगदान देंगे और जन समूह को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे।

- जन जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे


कर्नल पीएस बिन्द्रा, रिद्दी फोर, कृष्ण अरोड़ा, डॉ. आरपी सैनी, डॉ. आबिद आमिन बट्ट, डॉ. बीएस विर्क। फोटो : हरिभूमि

# बुजुर्ग ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी वर्कशाप व दराजपुर के बीच ट्रेन से कटकर बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। उसके पर्स से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान 64 वर्षीय कांजनू निवासी वेद प्रकाश के रूप में हुई है। मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में उसने अपनी पुत्रवधू सुनैना समेत मायके पक्ष के नौ लोगों पर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने की बात लिखी। जीआरपी थाना प्रभारी सतप्रकाश का कहना है कि रात मीमो के माध्यम से व्यक्ति के सुसाइड करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई की। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने मृतक की पुत्रवधु समेत नौ लोगों को नामजद किया है।

### पुत्रवधु समेत नौ लोग ठहराए मौत के जिम्मेदार

सुसाइड नोट में वेद प्रकाश ने लिखा हुआ था कि उसने अपने बेटे रूचित की शादी करनाल के शाहपुर गांव निवासी सुनैना के साथ जनवरी 2012 में कराई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही सुनैना घर में कलैश करने लगी। यह रिश्ता सनैना के रिश्तेदार प्रमाल सिंह व कांता उर्फ पानो ने कराया था। सुनैना द्वारा रोजाना झगड़े करने की बात उन्होंने प्रमाल को बताई। लेकिन सुनैना ने उसकी भी नहीं सुनी। एक बार बात इतनी बिगड़ गई की सुनैना अपने बच्चों को लेकर अपने घर चली गई। इसके बाद सुनैना का मामा बीर सिंह, पिता सुरेश, चाचा जसमेर सिंह इकट्ठे होकर उसकी दुकान पर आए। सारी बात सुनने के बाद सुनैना के मामा ने सुनैना की गलती मानकर घर बसाने की बात कही। इसके बाद सुनैना फिर घर पर आ गई। कुछ दिन बाद फिर वह उन्हें परेशान करने लगी। अब वह उनसे 40 लाख रुपये की मांग कर रही थी। रुपये नहीं देने पर बाजू की नश काटकर आत्महत्या का केस कराकर जेल भेजने की धमकी देती थी। जब भी वह अपने काम खत्म करके घर जाता तो वह मोबाइल लिए फोन पर व्यस्त रहती थी। उसके व उसके बेटे रूचित के घर आते ही झगड़ा करना शुरू कर देती थी। जिससे घर में कलेश रहता था। जब उसने इस बारे दोबारा सुनैना के मामा बीर सिंह को दुकान पर बुलाकर बात की तो वह भड़क उठी। अब उसके मायके वालों व रिश्तेदारों ने भी उन्हें धमकियां देना शुरू कर दिया। उसकी पुत्रवधु सुनैना ने उसका, उसकी पत्नी निर्मला, बेटे रूचित का जीना हराम कर दिया है। समझाने पर वह सभी के साथ हाथापाई करती है। सुनैना ने मुझें इतना प्रताड़ित किया कि मैं जीने लायक भी नहीं छोड़ा। मेरे पास आत्महत्या करने के अलावा कोई रास्त नहीं बचा है। मेरी मौत के जिम्मेवार मेरी पुत्रवधु सुनैना, उसके पिता सुरेश कुमार, माता, भाई सोनू, बहन नीलम, जीजा अनुज, मामा बीर सिंह, प्रमाल सिंह और कांता उर्फ पानो होंगे।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अपने घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी युवक व उसके भाई ने युवती के साथ मारपीट की। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी तीन महीने पहले तीर्थ नगर की टपरी निवासी विजय पाल के साथ दोस्ती हुई थी। 26 मार्च को आरोपी ने उसे अपने घर बुलाया। आरोपी ने उसे कहा कि वह उससे शादी कर लेगा। इसके बाद वह अपने घर बिना बताए आरोपी विजय पाल के घर चली गई। उस समय विजय पाल का भाई मोनू भी घर पर ही था। आरोपी विजय पाल ने अपने घर पर उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब उसने आरोपी का विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट की।

### स्टॉक से अधिक मिले गैस सिलेंडर

**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने बहरामपुर चौंक के पास कॉमन सर्विस सेंटर पर स्टॉक से अधिक गैस सिलेंडर रखे मिले। पुलिस ने मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम की शिकायत पर कॉमन सर्विस सेंटर संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

यमुनानगर। सदर जगाधरी के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की 28 मार्च को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को उनके गांव का ही युवक रोहित शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### मंदिर परिसर में महिला का पर्स चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक-पाथरी स्थित माता पाथरी के मंदिर में पूजन के लिए आई सुमन निवासी गांव गढ़ी उजाले खां, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत का पर्स चोरी हो गई।

### गुरु नानक खालसा कॉलेज में पदक विजेताओं किया स्वागत

# दीक्षा व चेतन ने सीनियर योगा नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जीता कांस्य

**कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने दोनों विद्यार्थियों को दी बधाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की छात्रा दीक्षा व छात्र चेतन ने पश्चिमी बंगाल के कोलकाता स्थित हुगली में आयोजित 48वीं सीनियर योग नेशनल चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर कॉलेज व प्रदेश का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को दोनों विद्यार्थियों का कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग व स्टॉफ सदस्यों ने स्वागत किया और उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि चैंपियनशिप प्रतियोगिता में छात्रा दीक्षा ने 21 से 25 वर्ग में कांस्य पदक हासिल करके असाधारण प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन किया। वहीं, छात्र चेतन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 25-30 वर्ग में कांस्य पदक मिला। उन्होंने दोनों विद्यार्थियों दीक्षा व चेतन की उपलब्धियों पर गर्व जताया। प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने कहा कि दीक्षा व चेतन की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है। उन्होंने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ. बोधराज, प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह व कोच मंगल सिंह ने राष्ट्रीय मंच पर गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के अनुकरणीय प्रतिनिधित्व के लिए दीक्षा और चेतन की सराहना की। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने दीक्षा व चेतन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने मौके पर शिक्षा और खेल दोनों में प्रतिभा को बढ़ावा देने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह ने कहा कि संस्थान द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा को उजागर करने के लिए इस प्रकार के मंच उपलब्ध करवाने में अग्रसर रहता है। उन्होंने संस्थान के अन्य विद्यार्थियों को भी दीक्षा व चेतन की प्रतिभा से प्रेरित होकर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आहवान किया।





**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के कांस्य पदक विजेता विद्यार्थी चेतन व दीक्षा योगा में प्रतिभा दिखाते हुए।



**यमुनानगर।** दून पब्लिक स्कूल बूबका में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

## लघु नाटक से सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए किया जागरुक

- **दून पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल बुबका में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह, बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांधा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

दून पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल बुबका में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दून ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण चौधरी ने किया। जबकि अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल रेखा रानी ने की। मंच संचालन ज्योति अरोड़ा व हर्ष ने किया। स्कूल प्रिंसिपल रेखा रानी ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांधा। बच्चों ने हिंदी, पंजाबी व अंग्रेजी गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, बच्चों ने सामाजिक कुरीतियों के विरोध में लघु नाटक पेश कर सभी को सामाजिक बुराइयों, दहेज प्रथा, नशा खोरी, कन्या भ्रूण हत्या का विरोध करने की अपील की। मौके पर स्कूल के चेयरमैन प्रवीण चौधरी ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं।

हमें बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 10वीं व 12वीं कक्षा में जो बच्चे 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे उन्हें 11-11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जोगा। वहीं, स्कूल में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा खेलों के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र कांबोज, सुभाष कांबोज जयपुर व आयुष कांबोज आदि मौजूद थे।

## जहरीला पदार्थ निगलकर जान दी

- **मृतक के पिता ने भूप्पी राणा पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप**
- **पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जहरीला पदार्थ निगल कर भगवानगढ़ निवासी 32 वर्षीय विशाल कुमार ने आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता गुरमेज सिंह ने यमुनानगर निवासी भूप्पी राणा पर उसके बेटे से 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। जिस कारण उसके लड़के ने आत्महत्या की है। गांव भगवानगढ़ निवासी गुरमेज सिंह ने बूड़िया गेट चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे विशाल कुमार ने इंजीनियरिंग की हुई थी। विशाल के पास तीन साल का लड़का है। विशाल पहले दुर्गा गार्डन छोटी लाइन पर विश्वकर्मा ट्रेडर्स के नाम से दुकान करता था। इस दुकान में बेटे को काफी घाटा हो गया। जिससे उस पर कर्ज हो गया था। जिस वजह से परेशान था। बाद में उसने दुकान बंद कर दी।

15 दिन पहले ही बेटे ने पंजाब के डेरा बस्सी में निजी कंपनी में नौकरी करनी शुरू की थी। होली की छुट्टी पर वह घर आया हुआ था। वीरवार को वह घर से ड्यूटी पर जाने की बात कह कर निकला था। इसके बाद निजी अस्पताल से उसके पास फोन आया कि विशाल ने जहरीला पदार्थ निगल लिया है। उसे अस्पताल में लाया गया है। जब वह अस्पताल में पहुंचा तो विशाल ने उसे बताया कि यमुनानगर निवासी भूप्पी राणा ने उसके साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। वह उसके रुपये लेकर फरार हो गया है। भूप्पी राणा द्वारा उसके रुपये न देने से परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ निगला है। इसके बाद उसके बेटे की तबीयत और अधिक खराब हो गई। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसके बेटे को एमएम अस्पताल मुलाना के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**ये कहते हैं जांच अधिकारी**

*थाना शहर जगाधरी प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा का कहना है कि गुरमेज सिंह की शिकायत पर आरोपी भूप्पी राणा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।*

## किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है गन्ने की उन्नत किस्म का बीज: कंवरपाल

- **कृषि मंत्री कंवरपाल से स्थानीय सरस्वती शुगर मिल के अधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों को उन्नत किस्म का गन्ने का बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने उक्त बात शुक्रवार को उनके जगाधरी कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे स्थानीय सरस्वती शुगर मिल के अधिकारियों से बातचीत करते हुए कही।

इस दौरान कृषि मंत्री कंवरपाल को सरस्वती शुगर मिल के वरिष्ठ अधिकारी संजीव सचदेवा, डीपी सिंह व मिल और इज्जैक कंपनी के एमडी आदित्यपुरी की बेटी नायना पुरी ने पुष्प गुच्छा भेंट कर उन्हें कृषि मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि स्थानीय सरस्वती शुगर मिल प्रदेश की सबसे बड़ी शुगर मिल है। जिसके साथ हजारों गन्ना किसान जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि खुशी बात यह है कि सबसे बड़ी शुगर मिल द्वारा किसानों को समय पर गन्ने का भुगतान किया जा रहा है और किसानों को उन्नत किस्म का गन्ने का बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर द्वारा किसानों को गन्ने की फसल के लिए हरियाणा सरकार द्वारा तय दाम पर भुगतान किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर स्थानीय सरस्वती शुगर मिल के वरिष्ठ अधिकारियों संजीव सचदेवा व डीपी सिंह ने कृषि मंत्री कंवरपाल को सरकार की नीतियों के अनुरूप कार्य करने का आश्वासन दिया।



**यमुनानगर।** जगाधरी में कृषि मंत्री कंवरपाल को उनके निवास स्थान पर पुष्प गुच्छा भेंटकर शिष्टाचार भेंट करते शुगर मिल के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## महिला के घर से रुपये व सोने की अंगूठियां चोरी

- **पड़ोस में हो रही लड़ाई देखने गई थी महिला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पड़ोस में हो रही लड़ाई देखने गई महिला के घर से चोरों ने 35 हजार रुपये व सोने की दो अंगूठियां चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विशाल नगर निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवर को दोपहर 12 बजे घर पर उसकी मां अकेली थी। इस दौरान उनके पड़ोस में लड़ाई होने लगी। जब उसकी मां लड़ाई देखने के लिए घर से बाहर चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी मां वापस लौटी तो घर की अलमारी खुली पड़ी थी। जांच करने पर अलमारी से 35 हजार रुपये व सोने की दो अंगूठियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**दुकान से मोबाइल चोरी**

गांव उन्हेड़ी निवासी शाहरूख ने बताया कि उसकी गांव टोडरपुर में मोबाइल की दुकान है। वह देर शाम को दुकान का ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह उनके पड़ोसी ने उसे सूचना दी कि उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह दुकान पर पहुंचा। दुकान के बाहर लगा कैमरा टूटा हुआ था। जांच करने पर दुकान के अंदर से पांच बडे फोन, दो टैबलेट, 12 छोटे फोन और गल्ले से तीन हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## गलत संगत छोड़ देश की तरक्की में दें योगदान

- **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलाहर में पीयर एजुकेटर गैर वित्तीय प्रोत्साहन कार्यक्रम का हुआ आयोजन**
- **अस्पताल के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने मुख्य वक्ता के रुप में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अलाहर में शुक्रवार को एसएमओ डॉ. विजय परमार व दंत चिकित्सक पल्लवी मार्या की अध्यक्षता में आरकेएसके के तहत पीयर एजुकेटर गैर वित्तीय प्रोत्साहन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने सभी मुख्य बिन्दुओं पोषण, यौन व प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, नशावृतिए लिंग आधारित हिंसा, गैर संचारित रोग पर विस्तार से सभी को विस्तार से जानकारी दी। डॉ. विजय परमार ने पीयर एजुकेटर को बताया कि यह कार्यक्रम 2014 से सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य 10 से 19 साल के बच्चों को जिंदगी में आने वाली बदलावों के बारे में अवगत कराना है। ताकि बच्चे गलत संगत में न पड़े। एक अच्छी जिंदगी चुनकर अपने गांव व समाज की तरक्की में योगदान दें। आज कल सोशल मीडिया का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जैसे तेज बाइक चलाना, रीलस बनाना, इंटरनेट का गलत प्रयोग करना। ये बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं।

इसलिए यह किसी प्रकार गलत संगत में न पड़े। प्रत्येक गांव से चार पीयर एजुकेटर बनते हैं और एजूकेटर्स अपने गांवों के बच्चों की मीटिंग लेते हैं। जिसमें उनकी समस्याओं को सुनकर वह एएनएम के पास भेज देते हैं। ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। एएनएम समस्याओं को देखकर उनके समाधान के लिए बच्चों को आसकेएसके काउंसलर या फिर डॉक्टर के पास भेजती हैं। अंत में सभी बच्चों को ट्रैक सूट देकर उनको प्रोत्साहित किया गया। ताकि वो अच्छे से अपना कार्य करते रहें। इस अवसर पर अंकित कांउसलर, सपना, डॉ. वैशाली, राज रानी एनम, शिल्पा एएनएम, ललिता, प्रियंका, पुष्पा, कोमल, कृष्णा व आशा वर्कर आदि मौजूद रही।



**यमुनानगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलाहर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

## युवक पर डंडों से हमला किया, पीजीआई रेफर

- **पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की शिव कॉलोनी में रंजिश के चलते तीन युवकों ने कॉलोनी के ही जितेंद्र पर डंडों से हमला कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। डॉक्टरों ने जितेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शिव कॉलोनी निवासी धमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई जितेंद्र के दोनों पैरों में फैक्चर है। वह बेसबाल का डंडा लेकर चलता है। उसकी कुछ दिन पहले अक्षय के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से अक्षक उसके भाई से रंजिश रखने लगा। वीरवार को उसके भाई जितेंद्र के दोस्त ने उसे बताया कि अक्षय अपने साथियों के साथ उसके भाई के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि अक्षय अपने साथी तिलकराज व सुरज कुमार उर्फ संटा के साथ उसके भाई के साथ डंडों से मारपीट कर रहे थे। उसे आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसने अपने भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसके भाई की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया।

उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 307 व 34 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# मादक पदार्थों से दूर रहने की विद्यार्थियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

विकसित भारत अभियान के तहत शुक्रवार को जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मादक पदार्थों का ना तो सेवन करने और ना ही दूसरों को करने देने के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित एवं नारकोटिक्स ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम प्रभारी सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. अशोक वर्मा ने नशीली दवाओं की लत के हानिकारक प्रभावों, रोकथाम, पुनर्वास प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नशीली दवाओं की लत की चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई व सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने नशा मुक्त युवा आंदोलन में योगदान देने, एक स्वस्थ व नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में काम करने की शपथ ली। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने अमूल्य मार्गदर्शन और अंतदृष्टि के लिए डॉ. अशोक कुमार वर्मा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस तरह की पहल जिम्मेदार और सामाजिक रूप से जागरूक व्यक्तियों के पोषण के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जो समाज में सकारात्मक बदलाव का नेतृत्व कर सकते हैं।



**यमुनानगर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार का स्वागत करते आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

**जेएमआईटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन दो अप्रैल को**

जेएमआईटी संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि संस्थान में दो अप्रैल को दीक्षांत समारोह व अगले दिन तीन अप्रैल को वार्षिक समारोह का आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो. डॉ. बीआर कांबोज मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे।

## संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत

- **पुलिस ने मृतका के पति समेत चार लोगों के खिलाफ किया दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव डारपुर में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के गले पर निशान थे। मृतका के पिता रामशरण ने उसके पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर गला घोटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में महिला के पति, जेठ, जेठानी व ससुर पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव किशनपुरा निवासी रामशरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने गांव में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। उसने अपनी 26 वर्षीय बेटी रजनी की शादी साल 2021 में डारपुर गांव निवासी विशाल के साथ की थी। शादी से उसकी बेटी रजनी के पास डेढ़ साल का बेटा है। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी रजनी को उसका पति विशाल, जेठानी रेनू, जेठ गोल्डी, ससुर बुधराम मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिन पहले उसके पास उसकी बेटी का फोन आया था। उसने बताया था कि उसके पति के अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध है। इसको लेकर वह उससे मारपीट कर रहा है और दहेज लाने के लिए परेशान कर रहा है। 26 मार्च को वह पत्नी के साथ दामाद व बेटी को समझाने गए। दोनों का समझाकर घर आ गए थे। वीरवार को उसके दामाद विशाल ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उल्टियां व दस्त लगने से रजनी की घर पर मौत हो गई है। जिसके बाद वह तुरंत अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि उसके गले पर घोटने के निशान थे।

**सूचना**

मैं, अजय कुमार सैनी पुत्र नसीब सिंह गांव ईशरपुर, डाकखाना कलानौर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर बयान करता हूं कि मैं अपने नाम को अजय कुमार सैनी से बदलकर अजय कुमार कर रहा हूं। भविष्य में मुझे अजय कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### विभाग ने आग लगने पर बचाव के उपाय बताएं

**पिहोवा।** हरियाणा अग्निशमन व आपातकालीन सेवाएं विभाग शाखा पिहोवा द्वारा अपने अग्नि सुरक्षा संबंधित मार्क ड्रिल हेतु गांव गुलडेहरा स्थित जैम पब्लिक स्कूल में बच्चों को विशेष जानकारी प्रदान की गई। विभाग की ओर से एल.एफ.एम. सतीश कुमार ने बच्चों के सामने मार्क ड्रिल करके दिखाई और बचाव के उपाय बताएं। उन्होंने आग लगने के उपरांत क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

### मिश्रान गली में मां भगवती का जागरण आज

**कुरुक्षेत्र।** चक्रवर्ती मौहल्ला स्थित मिश्रान गली में पहला विशाल मां भगवती जागरण 30 मार्च दिन शनिवार रात्रि को 9 बजे किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अंकुश सरदाना ने बताया कि जिसमें ज्योति प्रचण्ड राज्यमंत्री सुभाष सुधा के सुपुत्र साहिल सुधा करेंगे जबकि चुनरी रस्म अदा समाजसेवी संदीप कोहली जी करेंगे। अंकुश सरदाना ने बताया कि जिसमें गौशाला बाजार के ओम भाई सुभाष भाई एंड पार्टी द्वारा महामाई का गुणगान किया जाएगा।



### शिविर में 3 टीबी सहित 85 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

कुरुक्षेत्र। जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त हरियाणा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार और समाज का साझा सहयोग जरूरी है। शिविर में तीन टीबी के मरीजों के सैंपल लेने के साथ 85 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। रेडक्रास जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि स्वास्थ्य जांच शिविर में टीबी से के लक्षण व बचाव बताएं।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जाएगा जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व छात्र परिषद, विद्या भारती हरियाणा अगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को 100% मतदान करने के लिए जागरूक करेगी। अभियान के संयोजक श्याम रावत ने बताया कि चुनाव में हर भारतीय नागरिक हिस्सा ले व 100% मतदान हो, यह लोकतंत्र के लिए जरूरी है। अधिक से अधिक मतदान कर हम अपने पसंद के राजनैतिक दल को चुनकर देश को विकसित बनाने में सहयोग कर सकते हैं।

### रेसिंग अरावली टेरेन व्हीकल चैम्पियनशिप में दिखाई प्रतिभा

# केयू की मैकेनिकल टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास

- पुणे महाराष्ट्र में 20-24 मार्च 2024 को आयोजित अरावली टेरेन व्हीकल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान की मैकेनिकल टीम ने एनएमआईईटी, पुणे महाराष्ट्र में 20-24 मार्च 2024 को आयोजित अरावली टेरेन व्हीकल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बेस्ट इनीशिएटिव अवार्ड तथा डॉ. विशाल अहलावत ने सर्वश्रेष्ठ संकाय सलाहकार का पुरस्कार जीतकर इतिहास रचा है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यूआईईटी संस्थान की पूरी टीम व डीन इंजीनियरिंग, यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ अवार्ड एवं सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार जीतना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ यूआईईटी संस्थान के लिए बड़े गर्व एवं हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि केयू यूआईईटी संस्थान में स्टार्टअप, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दो इंक्यूबेशन सेंटर बनाए गए हैं।



कुरुक्षेत्र। विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

इसके साथ ही केयू यूआईईटी संस्थान में विद्यार्थियों के लिए नवाचार एवं उद्यमिता संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्य की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। केयू डीन इंजीनियरिंग एवं यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान निरंतर प्रगति के पथ अग्रसर है। उन्होंने बताया कि एनएमआईईटी, पुणे महाराष्ट्र में आयोजित रेसिंग अरावली टेरेन व्हीकल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में केयू यूआईईटी की वोल्फ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले 52 टीमों में से 24 में जगह बनाई तथा फिर एंड्योरेंस ऑफ-रोड रेस में लागत, डिजाइन, व्यवसाय योजना, त्वरण और सहनशक्ति के मूल्यांकन के आधार पर समग्र रैंक प्राप्त कर बेस्ट इनीशिएटिव अवार्ड के साथ सात हजार रुपये का पुरस्कार राशि भी जीती। वहीं डॉ. विशाल अहलावत को सर्वश्रेष्ठ संकाय सलाहकार व 10हजार रुपये पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। प्रो. सुनील ढींगरा ने अरावली टेरेन व्हीकल चैंपियनशिप (एटीवीसी) प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु समर्थन व प्रोत्साहन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद व्यक्त किया।

#### पहली बार में ही भाग लेकर किया कारनामा

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के मैकेनिकल विभाग की वोल्फ टीम ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर की रेसिंग अरावली टेरेन व्हीकल चैम्पियनशिप में भाग लेकर इतिहास रचा। प्रतियोगिता में वोल्फ टीम एकमात्र ऐसी टीम रही जिसने बिना किसी रुकावट के लगातार 19 लैप तक दौड़ लगाई तथा निर्णायक मंडल एवं दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। टीम वोल्फ का नेतृत्व पंकज धनखड़ (कप्तान), उप-कप्तान आलोक कुमार, साहिल (ऑफ-रोड वाहन के चालक), कुलश्रेष्ठ (सह-चालक) व दीपक ने किया तथा मोनिका, ध्रुव, दीक्षा, जतिन, नितिन, विवेक व सोनू टीम वोल्फ के सदस्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम का मार्गदर्शन डॉ. संजय काजल, डॉ. सुनील नैन और डॉ. विशाल अहलावत ने किया। डॉ. विशाल अहलावत ने अरावली टेरेन व्हीकल चैंपियनशिप (एटीवीसी), प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रदान किए गए सभी समर्थन और प्रोत्साहन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद दिया।*

# राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र के लोकसभा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता में राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सभी मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक व प्रमुख कार्यकताअरं से आगामी चुनाव कार्यकर्मो को लेकर चर्चा की व चुनावो को ध्यान मे रखते हुए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारिया लगाई गई। राज्य मंत्री ने कहा आगामी 3 अप्रैल को जिला अध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता मे त्रिदेवों के साथ बैठक होगी जिसमें मुख्य रुप से मैं स्वयं उपस्थित रहूंगा। उन्होंने कहा 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस हैं। इस दिन हर कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाए व कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर स्थापना दिवस को जोर शोर से मनाए। और सभी मिल जुल कर पार्टी के चुनाव कार्यक्रम में लग जाए। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, जय सिंह पाल, रविन्द्र सांगवान, नरेन्द्र पाल डाबला, विनीत क्वात्रा, शकुंतला शर्मा, सुशील राणा, रोशन बेदी, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, सुल्तान अजराना, सह मीडिया प्रमुख दिवाकर, मण्डल अध्यक्ष दीपक चौहान, हरीश अरोडा, रमेश सैनी, रजनीश खासपुर, विनीत बजाज, अमित रोहिल्ला, यशपाल नारंग, भूपिंदर पलवल आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### गेहूं की खरीद को लेकर समय रहते तैयारियां पूरी करें अधिकारी

**कुरुक्षेत्र।** गेहूं की फसल की खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू कर दिया जाएगा। इस सीजन में खरीद कार्य को सुचारू बनाएं रखने के लिए सभी मंडियों और खरीद केन्द्रों पर तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। सुविधाओं का एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र की मंडियों और खरीद कार्यों का जायजा लेंगे। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में रबी की फसल खरीद प्रबंधों की समीक्षा करते हुए जिला उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को बताया कि जिला में फसल खरीद को लेकर सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी



### ग्रामीणों को मुद्रा लोन के बारे में करवाया अवगत

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से संयुक्त दायित्व समूह एवं मुद्रा लोन के संबन्ध में राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहायक बैंक मैनेजर सीमा रानी ने संयुक्त दायित्व समूह के मैंबर बनाने की जानकारी एवं मुद्रा लोन के बारे में विस्तार में बताया। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने ट्रस्ट की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार भविष्य में लोगों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिग से जोडा जा सके और बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का फायदा आमजन तक पहुंच सके।

### भाजपा नेता संदीप गर्ग ने सीएम से की मुलाकात

**लाडवा।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर लाडवा हल्के के अटके हुए विकास कार्यो को करवाने के लिए आग्रह किया व कई मुद्दों पर बातचीत की। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें करनाल उपचुनाव में प्रत्याशी बनने को लेकर बधाई दी और कहा कि जीत भी नायब सिंह सैनी की ही होगी। क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सैनी से जनता बहुत प्यार करती है और नायब सिंह सैनी भी जनता को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री को लाडवा हल्के के अधूरे पड़े विकास कार्यों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लाडवा की सबसे बड़ी समस्या जो है वह बाईपास की है, जल्द से जल्द आचार संहिता हटने के बाद लाडवा से बाईपास निकलवाने की घोषणा की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ लाडवा हल्के में महिला कॉलेज नहीं है। जिसके कारण हल्के की लड़कियों को दूसरे जिलों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है और बसों में आने-जाने में लड़कियों व महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी को अवगत करवाया।



**लाडवा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को फुल गुच्छ देते भाजपा नेता संदीप गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

### वोटर कार्ड के अलावा मतदान के विकल्प बताए

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावी रूपी लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूचि में शामिल है या नहीं। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। अगर पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है।

# कार्यशाला में फामार्कोविजिलेंस के बारे में दी जानकारी

- विश्व की सभी चिकित्सा पद्धतियां औषधि प्रयोग निगरानी के बिना सुरक्षित नहीं : प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के पेरीफेरल फामार्कोविजिलेंस सेंटर द्वारा शुक्रवार को गीता ज्ञान संस्थानों में एक दिवसीय आयुष में फामार्कोविजिलेंस के बारे में जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण त्रिपाठी व वशिष्ठ अतिथि होशियारपुर, गुरु रविदास यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ संजय गोयल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। मुख्यातिथि डॉ अरुण त्रिपाठी ने वर्तमान दौर में आयुर्वेदिक मेडिसिन के बहुउपयोगी लाभ और उनके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति शास्त्रीय मानदंडों पर आधारित है, वहीं फामार्कोविजिलेंस आयुर्वेद में एक नई अवधारणा है, जिसमें आयुर्वेदिक दवाइयों के दुष्परिणामों रिपोर्टिंग की जाती है। आज मार्केट में पेटेंट आधारित बहुत सारी मेडिसिन मौजूद है, जिनके दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसलिए उसकी निगरानी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ देवेंद्र खुराना, डॉ जेके पांडा, डॉ आशीष मेहता, डॉ सुरेंद्र सेहरावत, व अन्य सभी चिकित्सक और प्राध्यापक मौदूद रहे। डॉ. सत्येंद्र सांगवान, इंद्र प्रताप, अरविंद कुमार ने इस कार्यशाला के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।



कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता।



**कुरुक्षेत्र।** जयराम विद्यापीठ में ध्वजारोहण व हनुमत पूजन अवसर पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### जयराम विद्यापीठ में हनुमान चालीसा का पाठ

**कुरुक्षेत्र।** जयराम विद्यापीठ में हनुमान पूजन व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद व लोकसभा चुनाव में कांग्रेस तथा आप पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता, हरियाणा के पूर्व मंत्री हरमोहिंदर सिंह चट्ठा व वरिष्ठ भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डी.डी. सहित जयराम संस्थाओं के ट्रस्टी व विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु भी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री हरमोहिंदर सिंह चट्ठा व पूर्व सांसद सुशील गुप्ता ने परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को प्रकटोत्सव पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में श्रीजयराम संस्थाओं के माध्यम से कन्या शिक्षा सहित अनेक शिक्षण संस्थानों का संचालन, योग, भारतीय संस्कृति व संस्कारों के साथ संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार, गौ संरक्षण, स्वास्थ्य व विज्ञान के क्षेत्र में समाज कल्याण व जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के उत्तम स्वास्थ्य व लम्बी आयु की भी कामना की।

### गुरमीत सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति, कुरुक्षेत्र की टीम की तरफ से समिति के पूर्व जिला प्रधान गुरमीत सिंह को बिजली विभाग से उनकी सेवानिवृत्ति पर फूल मालाएं पहनाकर व मोमेंटो देकर बधाई एवम शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विभाग की और से सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ अन्य विभागों के कर्मचारी भी शामिल रहे। वे स्वयं भी न्यू पेंशन योजना के अंतर्गत आते है जिसमें सेवानिवृत होने के बाद उनकी मामूली पेंशन ही बनी है। इस अवसर पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति, कुरुक्षेत्र जिला प्रधान नरेश फूले, कुलदीप शर्मा, सौरव राणा, पहल पवार, अमरजीत पांचाल रहे।

# प्रकाशोत्सव पर प्रस्तुत किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज की दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रितिका ने महाराज जी के जीवन और उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्यों से बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर बच्चों ने मधुर स्वर में बहुत ही प्यारा गीत गाया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने कहा कि ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का तेजस्वी व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनके द्वारा दिखाए गए सतमार्ग पर चलने की चेष्टा करनी चाहिए। हम सभी ऐसी कामना करते हैं ईश्वर उन्हें स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें। इस अवसर पर कविता, वंदना, ममता, जाह्नवी, रंजना, मनीषा और रमा आदि अध्यापिकाएं भी मौजूद रही।



**थानेसर।** जयराम पब्लिक स्कूल में कामना करते हुए टीचर एवं विद्यार्थी।



### राष्ट्रीय जन्म दोष के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार द्वारा मार्च 2024 को राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता माह घोषित किया गया है। इसी के तहत पिहोवा के गांव बोधनी में जागरूता कैंप लगाया गया। जिला कुरुक्षेत्र डिप्टी सिविल सर्जन, स्कूल हेल्थ डाक्टर करूणा ढींगरा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहोवा के एसएमओ डा. नमिता गुप्ता के मार्गदर्शन में आरबीएसके की पिहोवा टीम से डा. जतिन शर्मा, डा. नेहा सिंगला, कमल फार्मासिस्ट व पूजा एएनएम द्वारा ग्रामीणों को नवजात शिशुओं में होने वाली बीमारियों के प्रति बचाव व इलाज के लिए जागरूक किया गया। कैपं के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में आयरन, फोलिक ऐसिड न लेने पर होने वाली जन्मजात बीमारियों की जानकारी दी गई।



**कुरुक्षेत्र।** सेवानिवृत्त शिक्षकों की विदाई के दौरान मौजूद स्टाफ।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को दी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चार शिक्षकों व तीन गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत की। सेवानिवृत्त होने वालों में इंस्टिट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज के प्रोफेसर संजीव कुमार गुप्ता व प्रोफेसर गोपाल प्रसाद, सांख्यिकी विभाग से प्रोफेसर इंदिरा रानी, कामर्स विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर वीरेन्द्र सिंह पूनिया, भूगोल विभाग से जूनियर टैक्निशियन ग्रेड-1 गुरमेल सिंह, निर्माण शाखा से मेसन मानसिंह व सेनिटेशन से स्वीपर रानी शामिल हैं।

### प्रत्याशियों को एमसीएमसी के नियमों का करना होगा पालन

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मीडिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रिंट मीडिया के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए न्यूज ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी द्वारा निर्धारित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार समाचार और विज्ञापनों का प्रकाशन और प्रसारण करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में मुद्रण या प्रसारण के लिए विज्ञापन देने वाले किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल को यह सत्यापित करना होगा।

### सफलता के लिए जरूरी होता है दृढ़ निश्चय : बीडी गाबा

# नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर में ग्रेजुएशन डे के रूप में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने डिग्री की पोशाक पहन कर अपना परिणाम लिया। विद्यालय की ओर से भावी डॉक्टर, पुलिस, इंजीनियर तथा अध्यापक आदि के नाम के प्रॉप्स भी रखे ,जिनमे से बच्चों ने एक को चुना और मनमोहक फोटो खिंचवाई। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ गिफ्ट्स भी दिए गए। बच्चों के साथ अभिभावकों में भी अपने बच्चे का वार्षिक परिणाम लेने के लिए उत्साह दिखा। कक्षा आठवीं तक प्रथम पांच स्थानों पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य द्वारा द्वारा रिपोर्ट कार्ड दिए गए तथा उनके साथ विद्यार्थियों की फोटो भी ली गई। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि किंडरगार्टन स्नातक छोटे बच्चों के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि यह उनके तैयारी कार्यक्रम के अंत और उनकी स्कूली शिक्षा के प्राथमिक चरण की शुरूआत का प्रतीक है। यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद से करवाई गई है। इस तरह के समागम से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है जो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने तथा सफलता की बुलंदियां छूने में मदद करता है। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि विद्यालय न सिर्फ बच्चे की शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान देता है बल्कि अतिरिक्त गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जो प्रॉप्स रखे गए हैं वे इसी बात को दिखाते हैं कि बच्चे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं और विद्यालय तथा माता -पिता इसी बात को ध्यान में रख कर बच्चों की नींव मजबूत करें। उन्होंने बच्चों को समझाया कि अगर किसी कारणवश अंक कम प्राप्त हुए हैं तो हमें हार नही माननी चाहिए बल्कि दृढ़ निश्चय और अपने मनोबल से हम हार को जीत में बदल सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और उनके माता पिता को उनके परीक्षा परिणाम पर शुभकामनाएं दीं और लगातार आगे बढ़ने को कहा। इस अवसर पर उपप्रधानचर्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका मनजीत , पूनम, नैंसी, स्वाति ,सीमा, परमज्योति, सोनिया, नीतू, हरिंदर, पायल, रिहाना, मधु आदि सहित समस्त स्टाफ रहा।



**कुरुक्षेत्र।** उतीण बच्चों को सम्मानित करते अध्यापकगण। *फोटो : हरिभूमि*

### कुरुक्षेत्र हल्के से 10 साल गायब रहे नवीन जिंदल : प्रवीन कश्यप

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि पिछले 9 साल में हरियाणा और देश में भाजपा सरकार ने कोई भी काम नहीं किया। जनता का हर वर्ग सरकार से दुखी है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र को अपना परिवार बताने पर तंज कसते हुए कहा जब कुरुक्षेत्र की जनता कोरोना काल में त्राहि- त्राहि कर रही थी, ऑक्सीजन की कमी के कारण लोग मर रहे थे तब मोदी को अपना परिवार नजर नहीं आया।



## खबर संक्षेप



### पंथक अकाली दल के मीडिया प्रभारी बने अमरिंद्र

**मुलाना।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंथक अकाली दल के नाम से अपनी राजनैतिक पार्टी का गठन किया है। इसका ऐलान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने किया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दोसड़का स्थित गुरुद्वारा बाबा फतेह सिंह बाबा जोरावर सिंह में हुई एचएसजीपीसी की एक मीटिंग में बराड़ा के रहने वाले अमरिंद्र सिंह को पंथक अकाली दल का जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान एवं एचएसजीपीसी के सदस्य जसबीर सिंह खालसा ने बताया कि अमरिंद्र सिंह की नियुक्ति संगठन के प्रधान जगदीश सिंह झींडा द्वारा की गई है।



### रिटायर हुए कर्मियों को मेयर ने किया सम्मानित

**अंबाला।** अंबाला शहर नगर निगम कार्यालय में सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मेयर शक्तिरानी शर्मा का स्वागत किया गया। इस दौरान नगर निगम के तीन सफाई कर्मचारी रिटायर्ड हुए उन्हें मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सम्मानित किया। शर्मा ने कहा कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी एक तरह से मेरे परिवार का ही हिस्सा हैं ।

### संयुक्त दायित्व समूह अति आवश्यक

**बराड़ा।** सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के तत्वाधान में जय पब्लिक स्कूल अधोई के परिसर में प्रांतीय समन्वयक पवन पराशर की अध्यक्षता में संयुक्त दायित्व समूह एवं मुद्रा लोन के संबन्ध में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पराशर ने बताया कि ट्रस्ट के इन कार्यक्रमो का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय लाभ आदि के विभिन्न ढगों से अवगत करवाना तथा उनकी वित्तीय ज्ञान में अभिवृद्धि करना है। डॉ. बलवंत सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता में संयुक्त दायित्व समूह के मैंबर बनाने की जानकारी दी।

### गेहूं खरीद की जानकारी हासिल की

**अंबाला।** उपायुक्त डॉ. शालीन ने एनआईसी कार्यालय के सभागार में रबी सीजन व गेहूं खरीद के दृष्टिगत सम्बन्धित खरीद एजेंसियों, कृषि विभाग के अधिकारियों व आढ़तियों के साथ बैठक करते हुए समीक्षा की व गेहूं फसल की आवक और स्टोरेज स्पेस की जानकारी ली। उन्होंने मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उपायुक्त ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश अग्रवाल से रबी सीजन व गेहूं खरीद की जानकारी हासिल की।

## किसानों ने रिहाई के लिए ट्रेनें- सड़कें जाम करने की चेतावनी दी

# युवा किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर बवाल, मोहाली एयरपोर्ट से कैनन ब्यॉय को सहयोगी के साथ किया काबू

**बठिंडो से गुलेल, शिमला से लाठी डंडे व गुरदासपुर से कैनशिल्ड जब्त करने के लिए पुलिस ने लिया दो दिन के रिमांड पर, कड़ी सुरक्षा के बीच युवा किसानों को अदालत लेकर पहुंची पुलिस**



**अंबाला।** युवा किसान नेताओं को मेडिकल जांच के लिए सुरक्षा के बीच लेकर पहुंची पुलिस व नागरिक अस्पताल के बाहर तैनात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी को पुलिस व किसानों के बीच टकराव में पुलिस ने किसान आंदोलन के युवा चेहरे नवदीप सिंह जलबेहड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। किसानों में कैनन ब्वॉय के नाम से मशहूर नवदीप को सीआईए वन ने मोहाली एयरपोर्ट से उसके साथी गुरकीरत सिंह शाहपुर के साथ काबू किया है।

टकराव के दौरान डीएसपी अर्शदीप सिंह समेत कई जवान जख्मी हुए थे। तब अंबाला सदर पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस केस में पुलिस ने नवदीप सिंह जलबेहड़ा के साथ किसान आंदोलन-2 की अगुवाई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के संयोजक सरवण सिंह पंधेर, जगजीत सिंह डल्लेवाल समेत 20 से ज्यादा किसानों को आरोपी बनाया था। उधर दोनों युवा किसानों की गिरफ्तारी के बाद शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने ट्रेनें रोकने की धमकी दी है।

### तलवार,गुलेल व फॉच्यूनर गाड़ी होगी रिकवर

भारी सुरक्षा के बीच सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह आरोपी नवदीप सिंह जलबेहड़ा व गुरकीरत सिंह शाहपुर को अदालत में लेकर पहुंचे। इसके लिए पहले से ही अदालत में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। यहां पुलिस की ओर से अदालत में रिमांड याचिका दायर की कई। इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने कहा कि शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी को आरोपियों ने सहयोगी किसानों के साथ मिलकर मोडीफाइड ट्रैक्टर फोकलेन के साथ बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की थी।

इस दौरान सुरक्षाबलों पर आरोपियों ने गुलेल से कंचों क जरिए वार किए थे। लाठी-डंडों व तलवारों से पुलिस के जवानों पर हमला किया था। हमले में डीएसपी अर्शदीप सिंह समेत कई जवान जख्मी हो गए थे। जांच अधिकारी का आरोप है कि हमले के दौरान किसानों ने एक जवान से सुरक्षा कैनसिल्ड (पथराव से बचने वाला कवच) छीन ली थी। आरोपी किसानों पर पुलिस ने नेशनल हाइवे पर जाम लगाने के साथ धारा-144 की उल्लघंना करने के भी आरोप लगाए हैं।

### इसलिए चाहिए चार दिन का रिमांड



इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने अदालत को बताया कि आरोपियों से कैंनिसल्ड के साथ गुलेल, तलवारें, डंडें जब्त करने हैं। साथ ही उसके सहयोगियों की पहचान को लेकर पूछताछ करनी है जिन्होंन सुरक्षाबलों पर हमला किया था। साथ ही उस मिस्त्री का भी पता लगाना है जिसने बैरिकेड तोड़ने के लिए ट्रैक्टर व फोकलेन को मोडिफाइ किया था। जांच अधिकारी के मुताबिक गुलेल पंजाब के बठिंडा से, लाठी डंडे शिमला व पंजाब के मोगा से, कैंनसिल्ड गुरदासपुर फॉच्यूनर मोहाली से जब्त की जानी चाहिए। साथ ही ट्रेक्टर व फोकलेन को मोडीफाइ करने वाला मिस्त्री अमृतसर से काबू किया जाना है। उधर आरोपी नवदीप सिंह जलबेहड़ा व गुरकीरत सिंह की ओर से मामले की पैरवी कर रहे एडवोकेट रोहित जैन पुलिस की जांच के साथ केस पर ही सवाल उठा दिए। जैन ने रिमांड याचिका के विरोध पर कहा कि पुलिस ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया जिससे हत्या के प्रयास का जुर्म साबित हो सके। उन्होंने कहा कि उसके मुवक्किलों को पुलिस आतंकियों की तरह अदालत लेकर आई जबकि वे छोटे से किसान नेता हैं। इस दौरान पुलिस की ओर से अदालत को आरोपियों के पुलिस से टकराव के कुछ फोटो भी दिखाए। साथ ही सोशल मीडिया पर नवदीप सिंह की एक पोस्ट भी दिखाई। हालांकि फोटो व वीडियो में नवदीप कहीं भी पुलिस पर हमला करता हुआ नजर नहीं आया। एडवोकेट रोहित जैन के तर्कों पर सहमति जताने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन के रिमांड के लिए पुलिस के हवाले कर दिया। रिमांड के दौरान बचाव पक्ष की ओर से आरोपियों से मुलाकात करने की भी परमिशन मांगी गई। उसे अदालत ने मंजूर कर दिया।

### ट्रेन-सड़क जाम करने की चेतावनी

किसान नेता तेजबीर सिंह ने शुक्रवार को शंभू बॉर्डर पर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस किसान नेताओं के घरों में छापेमारी कर रही है। 50 किसान नेताओं के घरों के बाहर नोटिस चिपकाएं गए हैं। पुलिस ने मोहाली एयरपोर्ट से पंजाब की सीमा में भाकियू शहीद भगत सिंह के युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा व गांव शाहपुर के गुरकीरत सिंह को गिरफ्तार किया है।

किसान नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार घटिया हरकतें कर रही हैं। किसानों ने नवदीप सिंह जलबेड़ा की गिरफ्तारी पर कहा कि पंजाब सरकार अपना रुख स्पष्ट करे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर गिरफ्तार युवा किसानों को जल्द रिहा नहीं किया गया तो वे ट्रेन व सड़कों को पूरी तरह जाम करेंगे। किसान न कभी सरकार के आगे झूकेंगे न दबेंगे।

### केस में इन किसान नेताओं के भी नाम

अंबाला सदर पुलिस की ओर से 13 फरवरी 2024 को दर्ज किए गए केस में किसान नेता सरवण सिंह पंधेर के साथ जय सिंह जलबेहड़ा, अमरजीत सिंह मोहड़ी, नवदीप सिंह जलबेहड़ा, गुरकीरत सिंह शाहपुर, सुखचैन सिंह भड़ोग, बलजिंद्र सिंह चुडियाला, विक्रम राणा, मनजीत सिंह मछौंडा, तेजबीर सिंह पंजोखरा, गुरमीत सिंह माजरी, बलकार सिंह मछौंडा, मनजीत सिंह गरनाला, गुरजीत सिंह धमौली, अरविंद्र मोहड़ा, कुलदीप मोहड़ी, कर्म सिंह भूरा कुर्बानपुर, मनजिंद्र सिंह फतेहगढ़, जसप्रीत सिंह, जसविंद्र सिंह माजरी, हरजीत सिंह मोहड़ी तथा अन्य किसान शामिल हैं।

# पत्नी की पिटाई से परेशान युवक ने पुलिस से लगाई गुहार, पत्नी पर किया केस दर्ज

- पति की मानें तो पत्नी के सगे मौसी के भाई के साथ भी आपत्तिजनक बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

एक युवक ने पत्नी की हरकतों से तंग पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। युवक ने 2020 में प्रेम विवाह किया था। उसका आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी उसे मारने-पीटने लगी थी। पति की मानें तो पत्नी के सगे मौसी के भाई के साथ भी आपत्तिजनक बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है। सदर थाना पुलिस ने पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर के रेलवे रोड के रहने वाले विशाल ने बताया कि वह इन दिनों कृष्णा कॉलोनी (नया गांव) में रह रहा है। उसकी 27 नवंबर 2020 को नदी मोहल्ला की युवती से उसने शादी रचाई थी। शादी के बाद से सितंबर 2021 में एक बेटा भी पैदा हुआ, लेकिन शादी के बाद से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। उसकी पत्नी के मायके वाले उसके साथ झगड़ा करते रहते थे। पति ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही उसकी पत्नी ने उसके व उसके परिवार साथ मारपीट करनी शुरू कर दी थी। उन्हें धमकी देती थी कि तुम्हें खाने में जहर दे दूंगी। झूठे केस में फंसाने की भी धमकी दी। उसके परिवार वालों ने उसे व उसकी पत्नी को उसके दादा के मकान में रहने के लिए कृष्णा कॉलोनी में भेज दिया था। युवक ने बताया कि जब उसकी पत्नी मायके चली जाती थी तो उसे व उसके परिवार वालों को गालियां देती थी। 5 मार्च 2022 को उसकी पत्नी के मोबाइल पर एक आपत्तिजनक रिकॉर्डिंग मिली। उसकी पत्नी अपने मासी के सगे बेटे कुलदीप के साथ आपत्तिजनक बातचीत कर रही थी। हालांकि बाद में उसकी पत्नी ने अपनी गलती मान कर माफी मांग ली थी। ऐसा दोबारा नहीं करेगी, इस बारे में उसकी पत्नी ने एक एफिडेविट भी दिया था।

# महंगाई की वजह से खून के आंसू रो रही जनता

## हर्बल पार्क में कांग्रेसी नेता रोहित जैन से लोगों ने सांझा किया दर्द

- लोग बोल, अब तो भाजपा के कुशासन से चाहिए मुक्ति
- जैन बोले, महंगाई पर भाजपा म तक बोलने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** हर्बल पार्क में लोगों से मुलाकात करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन।

भाजपा के दस साल के शासन से जनता को खून के आंसू रुला दिया है। बेहिसाब बढ़ती महंगाई ने हर परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। अब लोग भाजपा क कुशासन से मुक्ति चाहते हैं।अंबाला शहर के हर्बल पार्क में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन के साथ मुलाकात के दौरान ज्यादातर लोगों ने अपना दर्द सांझा किया। इस दौरान जैन ने भी कहा कि सरकार महंगाई का 'म' तक बोलने को तैयार नहीं है। उस पर काबू पाना तो बहुत दूर की बात है। महंगाई पर राजनीती नहीं बल्कि उसे दूर करने व उस पर काबू पाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि तनख्वाह के कुछ रुपये राशन में गए। कुछ खर्च हुआ दवाई पर। थोड़ा-बहुत लेन-देन पर हुआ, बाकी खर्च हुआ बच्चों की पढ़ाई पर। फिर मोहताज हो गया पाई पाई पर, और क्या बोलूं महंगाई पर। हर सामान की कीमत में जैसे आग लगी हुई है। मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में कॉरपोरेट घरानों का पेट भरने का काम किया है। मोदी का अमृतकाल आम जन के लिए जी का जंजाल बन चुका है। इस दौर में महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। मेवा मलाई तो छोड़ ही दीजिए, आज आम जनता को दूध और सब्जी तक नसीब नहीं है। राशन-दाल से लेकर सब्जियों समेत रोजमर्रा के सामानों की कीमतें आसमान छू रही है। नमक-तेल जैसे बेहद जरूरी चीजों की कीमतें मोदी राज में कई गुना तक बढ़ गई है। जैन ने कहा कि पिछले 10 सालों में बीजेपी के शासनकाल के दौरान वस्तुओं की कीमत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। रोटी का आटा, दाल-नमक, साबुन-तेल, टूथपेस्ट और बिस्कुट, शक्कर और चायपत्ती आदि रोजमर्रा के काम की वस्तुऐं महंगी है।



**मुलाना।** अस्थि कलश यात्रा के साथ मौजूद किसान।

### खनौरी बॉर्डर पर गोली से जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण के अस्थि कलश पहुंचे, किसानों ने दी श्रद्धांजलि

**मुलाना।** किसान संगठनों की ओर से निकाली जा रही शुभकरण की अस्थि कलश यात्रा मुलाना पंहुची।यहां गुरूद्वारा साहिब के सामने लोगों ने शुभकरण को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान किसान नेताओं ने 31 मार्च को मोहड़ा में शुभकर्ण सिंह के श्रद्धांजलि समागम में जुटने की कि अपील की । अस्थि कलश यात्रा शुक्रवार को कालपी से शुरू होकर हमीदपुर, हेमामाजरा, सरकपुर, राजौली, चहलमाजरा, सज्जनमाजरी, बराड़ा, होली, दोसड़का, धीन, मुलाना, तलहेडी, महुआखेड़ी, कलालटी, गोकुलगढ़, नौहनी, टमनौली, गोला, गोली, साबांपुर, होते हुए रछेड़ी पंहुची। मौके पर अमरजीत सिंह मोहड़ी, जय सिंह जलबेहडा, लखबीर सिंह लक्की, गुरविंदर सिंह, बलबीर सिंह, विक्रम सिंह, मनदीप गिरी, कुलवंत सिंह,बिंदर गिरी, हैप्पी,निर्मल सिंह, ज्ञानी चहल,करण राणा, जीवन सहगलव अन्य मौजूद रहे।

# श्री राम कथा सुनने से होता है बेड़ा पार

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर स नगर खेड़ा मंदिर के परिसर में चल रही पांच दिवसीय श्रीराम कथा


हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** श्रीराम पूजन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम द्वारा नगर खेड़ा मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के दौरान साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती ने सीता स्वयंवर प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा जनक के घर में भगवान शिव का धनुष रखा था। उसके विशालकाय धनुष को कोई भी उठाने की क्षमता नहीं रखता था । एक दिन सीता माता ने घर की सफाई करते समय धनुष को उठाकर दूसरी जगह रख दिया। इसे देखकर राजा जनक आश्चर्य चकित हुए क्योंकि धनुष को कोई भी नहीं उठा सकता था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा उसी से सीता का स्वयंवर होगा।

स्वयंवर की निर्धारित तिथि पर सभी देश के राजा और महाराजाओं को आमंत्रित किया गया। जब भी ऋषि-मुनियों पर किसी प्रकार का संकट आया तो भगवान प्रभु श्री राम ने संरक्षक बनकर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया है। विश्वामित्र ने संपूर्ण उत्तर भारत को दुष्टजनों से श्री राम के बल पर मुक्त कर लिया था। सभी ऋषि मुनियों के यज्ञ चारों ओर से होने लगे तो विश्वामित्र श्रीराम को जनकपुर की ओर ले गए। यहां सीता स्वयंवर चल रहा था। स्वंयवर में जब कोई राजा धनुष को कोई भी उठाने की क्षमता नहीं रखता था तो प्रभु श्री राम ने गुरू विश्वामित्र की आज्ञा और आशीर्वाद लेकर धनुष को तोड़ दिया । भगवान श्री राम ने धनुष तोड़कर तीनों लोगों में सूर्यवंशी का पताखा फहराया।



**मुलाना।** धर्मसभा के दौरान मौजूद जैन संत और श्रद्धालु।

### धर्म को दिल से मानना अति आवश्यक

**मुलाना।** एसएस जैन सभा के तत्वाधान में जैन स्थानक में बहुश्रुत जयमुनि , संघ हनुमंत आदीश मुनि ठाणे 6 के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन किया गया। इसमें साढ़ौरा, धनौरा, शाहाबाद, दिल्ली, अंबाला, बराड़ा, उगाला, धीन, मुलाना से श्रद्धालुओं ने जैन संतों के दर्शन व प्रवचन सुन धर्मलाभ लिया। बहुश्रुत जयमुनि महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि धर्म को दिल से मानना अति आवश्यक है। उसी प्रकार धार्मिक क्रियाएं भी आंतरिक मन से होनी चाहिए। उसमें किसी प्रकार दिखावा प्रतीत नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति माला जप कर रहा है तो उसका मन भी एकाग्र रूप से उस समय केवल नाम जप में होना चाहिए। उन्होंने बताया कि धार्मिक प्रवृति का व्यक्ति बाहरी दिखावे से ज्यादा आंतरिक रूप से प्रभु का समर्पित होता है। जैन सभा श्रीपाल जैन ने बताया कि शनिवार सुबह जैन संत प्रवचन करने के उपरांत मुलाना से विहार कर धनौरा, साढ़ौरा, यमुनानगर के लिए विहार करेंगे। मौके पर प्रधान अशोक जैन, कोषाध्यक्ष राममुर्ति जैन , प्रवक्ता श्रीपाल जैन, प्रवीन जैन , उमेश गोयल,प्रवीन अग्रवाल, अशोक जैन तलहेडी , छोटा जैन, शंटी जैन, बनारसी दास, रिषभ जैन, प्रवीन जैन, यशपाल मलिक, सुरेंद्र धनौरा , हरमिंद्रपाल, सहित काफी संख्या में महिला श्रद्धालु मौजूद रहे।

### होली के सरकारी स्कूल में प्रवेश उत्सव पर स्कूली छात्रों का हुआ अभिनंदन



**मुलाना।** प्रवेश उत्सव के दौरान छात्रों का फूलों के हार पहनाकर अभिनंदन करते शिक्षक।

**मुलाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली में नए सत्र के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार मौजूद रहे । जबकि वशिष्ठ अतिथि के तौर पर राज कुमार, हरीश कुमार, जिला परिषद् सदस्य दिलीप सिंह, गांव होली सरपंच बलविंद्र सिंह, समाज सेवी सदस्य गुरदेव सिंह, एसएमसी प्रधान लखविन्द्र सिंह मौजूद रहे । इस कार्यक्रम में स्कुल होली के सभी विद्यालयों से अध्यापक व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव में सभी विद्यालयों के विद्यार्थिओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बच्चों को शिक्षा का महत्त्व बताते हुए अधिक से अधिक दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया। अभिवावकों को भी ड्राप आउट बच्चों को दोबारा से विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्ररित किया। प्रभारी प्रधानाचार्य प्रीतपाल सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी व उनके कार्यालय से उपस्थित अधिकारीयों का विद्यालय बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद किया। कार्यकम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिरसगढ़ से आए अध्यापक रविंद्र शास्त्री ने भी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। सभी बच्चों व अभिभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी। विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने राज्य सरकार की नीति व नीयत पर उठाए सवाल

# चयनित युवाओं को नौकरी ज्वाइन नहीं करवा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से मिलती चित्रा सरवारा।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने एक बार फिर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के बाद अब कौशल रोजगार योजना के तहत हुई भर्ती हुए युवाओं को भी नौकरी ज्वाइन नहीं करवा रही सरकार। हाल ही में मुश्किल से निकली कौशल रोजगार निगम की नौकरियों के जॉइन के मैसेज के बाद आचार संहिता का बहाना देकर ज्वाइनिंग न देना सरासर गलत है। चित्रा ने सरकार से सवाल किया कि जब आचार संहिता के दौरान विधायको को मंत्रिमंडल की शपथ दिलाई जा सकती है तो इन युवाओं की ज्वाइनिंग क्यूं नहीं कराई जा सकती? उन्होंने कहा कि सरकार की नीति और नियत में फर्क है ये सरकार युवाओ को रोजगार देना ही नहीं चाहती। हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान चित्रा ने कहा कि किसी समय पर डीसी रेट के कच्चे पदों पर डाटा एंट्री ऑपरेटर,माली और पीएन जैसे पद भरे जाते थे लेकिन अअब पटवारी भी इसी माध्यम से लग रहे हैं। इस सरकारी ठेकेदारी की निंदा करते हुए उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जल्द आएगी और आते ही हरियाणा रोजगार कौशल निगम के नाम में ये सरकारी ठेकेदारी की प्रथा खत्म करके पक्की नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा रोजगार कौशल निगम के माध्यम से कांट्रेक्ट पर पूरे प्रदेश में 7000 के करीब भर्ती निकाली जिसमें प्रार्थी चुने गए। इनमें से 225 पटवारी थे जिन्हें 15 मार्च 2024 को सरकार की और से मैसेज आया कि वो चयनित हैं और ऑनलाइन पंजीकरण के बाद 30 मार्च2024 से पहले सभी उपायुक्त कार्यालय में जाकर नौकरी ज्वाइन कर लें। चयनित युवाओं ने उसी दिन ऑनलाइन अपना पंजीकरण कराया और अगले दिन प्रशासन के पास जॉइन करने के लिए गए। इनमें तकरीबन 25 शहर व छावनी के भी थे जिन्होंने अपने जोइनिंग लेटर व अन्य दस्तावेज अंबाला उपायुक्त कार्यालय में जमा करा दिए लेकिन 16 मार्च 2024 को उन्हें आचार संहिता का हवाला देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। दूसरी तरफ आचार संहिता लागू होने के बावजूद उपायुक्त सिरसा द्वारा 132 पटवारियों को जॉइन करवाते हुए नियुक्ति पत्र भी दिया गया । चित्रा ने कहा की एक प्रदेश में दो कानून कैसे बन सकते है? सिरसा में सभी पटवारियों को भर्ती कर लिया गया लेकिन यहां कहा जा रही है की आचार संहिता में ज्वाइनिंग नहीं हो सकती। जोइनिंग नही हो सकती। इस प्रकरण से साफ़ है कि सरकार और सरकारी तंत्र किसी भी बहाने से रोजगार नहीं देना चाहता है । उन्होंने सरकार से कहा की आज बेरोजगारी से मर रहे हरियाणा के युवाओं को हरियाणा को इन कच्ची नौकरियों से थोड़ी सी उम्मीद मिली है ,कृपया करके इसे धूमिल करके उनके हौसले परास्त न करिए।